RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : गुरुवार 25 अप्रैल 2024 | वर्ष 06 | अंक 07 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक रोकठोक लेखनी ®

खबरें बे-रोकटोक

सीएम शिंदे का निर्देश... फिर भी रुका मुंबई में खार सब-वे फ्लाईओवर का काम!



Page - 2

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

# महाराष्ट्र में हैवानियत की हदें पार...

# 12 साल की लड़की से दुष्कर्म के बाद हत्या !

## जंगल में क्षत-विक्षत अवस्था में मिला शव



**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र के गोंदिया जिले में 12 वर्षीय एक आदिवासी लड़की की कथित तौर पर दुष्कर्म के बाद हत्या कर दी गई। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक यह घटना 19 अप्रैल को हुई। पुलिस ने कहा कि घटना में शामिल अज्ञात आरोपी को पकड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं। कुछ आदिवासी संगठनों ने इस घटना के विरोध में मंगलवार और बुधवार को देवरी उप-जिलाधिकारी कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया और अपराधी को जल्द गिरफ्तार नहीं किए जाने पर आंदोलन तेज करने की चेतावनी भी दी।

पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि लड़की कक्षा छह की छात्रा थी। वह अपने माता-पिता के साथ 19 अप्रैल को देवरी तहसील के गोटनपार गांव में एक रिश्तेदार के विवाह समारोह में गई थी। एक अज्ञात व्यक्ति ने कथित तौर पर उसका वहां से अपहरण कर लिया था। पुलिस अधिकारी के मुताबिक लड़की का पता नहीं चलने पर माता-पिता ने उसकी तलाश शुरू की। इस दौरान 20 अप्रैल को गोटनपार गांव के पास धवलखेड़ी जंगल में पीड़िता का क्षत-विक्षत शव मिला।

सूचना मिलने के बाद चिचगढ़ पुलिस थाने की एक टीम मौके पर पहुंची और मामला दर्ज किया। घटना के पांच दिन बाद भी कोई गिरफ्तारी नहीं होने पर कुछ स्थानीय आदिवासी संगठनों के सदस्यों ने बुधवार को प्रदर्शन किया और उप-जिलाधिकारी कार्यालय में एक ज्ञापन सौंपा। आदिवासी संगठनों के लोगों ने इस मामले में जल्द से जल्द गिरफ्तारी और दोषी को फांसी की सजा देने की मांग की। घटना के बाद पुलिस अधीक्षक निखिल पिंगले और अन्य पुलिस अधिकारियों ने पीड़ित परिवार से मुलाकात की थी। पिंगले ने कहा कि वे विभिन्न कोणों से मामले की जांच कर रहे हैं और दोषी को जल्द ही पकड़ लिया जाएगा।

# नितिन गडकरी को भाषण के दौरान आया चक्कर

## स्टेज पर ही बेहोश हो गिर पड़े...




**महाराष्ट्र : महाराष्ट्र के यवतमाल में बुधवार को केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी भाषण देते हुए मंच पर अचानक बेहोश होकर गिर पड़े। मंच पर मौजूद लोगों ने उन्हें उठाया और तुरंत इलाज के लिए अस्पताल ले गए।**

दरअसल, लोकसभा चुनाव को देखते हुए गडकरी यवतमाल के पुसद में एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। मंच पर बोलने के दौरान ही वह अचानक लड़खड़ा कर गिर गए। हालांकि, वहां आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत उन्हें संभाला और इलाज के लिए अस्पताल ले गए।

कई पार्टी कार्यकताओं को नितिन गडकरी के चेहरे पर पानी छिड़कते और उन्हें मंच से दूर ले जाते देखा गया।पहले चरण के चुनाव में नागपुर से भाजपा के उम्मीदवार गडकरी महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना नेता राजश्री पाटिल के लिए प्रचार कर रहे थे, जो यवतमाल-वाशिम लोकसभा सीट से सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन के उम्मीदवार हैं।

# अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार को बड़ी राहत...

## 25,000 करोड़ रुपये के घोटाले में मिली क्लीन चिट



**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार की पत्नी और बारामती लोकसभा सीट से एनडीए उम्मीदवार सुनेत्रा पवार को बड़ी राहत मिली है. दरअसल मुंबई पुलिस ने कथित 25,000 करोड़ रुपये के सहकारी बैंक घोटाले में उन्हें क्लीन चिट दे दी है. जनवरी में दायर एक क्लोजर रिपोर्ट का विवरण अब सामने आया है. मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू), महाराष्ट्र राज्य सहकारी बैंक (एमएससीबी) मामले की जांच कर रही है. उसने कहा कि लेन-देन कथित तौर पर सुनेत्रा पवार और उनके पति से जुड़ा हुआ है, इसमें कोई आपराधिक मामला नहीं बनता है.

**सुनेत्रा अपनी ननद सुप्रिया के खिलाफ चुनावी मैदान में...**

सुनेत्रा पवार शरद पवार के गढ़ बारामती सीट से उनकी बेटी और अपनी ननद सुप्रिया सुले के सामने चुनाव लड़ रही है. ये रिपोर्ट दाखिल होने से विपक्ष को और अधिक ताकत मिल गई है, जिसने लगातार भाजपा पर आरोप लगाया है कि वह अपने विरोधी नेताओं के खिलाफ केंद्रीय एजेंसियों और पुलिस बलों का इस्तेमाल कर रही है और या तो मामलों की जांच धीमी कर रही है. अजित पवार पिछले साल अपने चाचा शरद पवार द्वारा गठित राकांपा को तोड़ने के बाद भाजपा और शिवसेना (एकनाथ शिंदे गुट) के सत्तारूढ़ गठबंधन में शामिल हो गए थे. जिसके बाद उन्होंने महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली थी.

**ठाकरे गुट के नेता ने क्लिन चिट मिलने पर क्या कहा**

ठाकरे गुट के नेता आनंद दुबे ने कहा, ''सुनेत्रा पवार को उस मामले में क्लीन चिट दे दी गई है जिसमें 25,000 करोड़ रुपये के घोटाले का आरोप किसी और ने नहीं बल्कि प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने लगाया था. जिन्होंने पूरे परिवार को भ्रष्ट कहा था. इससे यह साबित होता है कि भाजपा ने जिस भी नेता पर आरोप लगाए थे, उन्हें पाला बदलने के बाद क्लीन चिट दे दी गई है.

### ईओडब्ल्यू की क्लोजर रिपोर्ट में क्या कहा गया?

**ईओडब्ल्यू की क्लोजर रिपोर्ट में कहा गया है कि बैंक को जरांदेश्वर चीनी मिल में ऋण स्वीकृत करने या बेचने की प्रक्रिया में कोई नुकसान नहीं हुआ. इसमें कहा गया कि सुनेत्रा पवार ने 2008 में जय एग्रोटेक के निदेशक पद से इस्तीफा दे दिया था और दो साल बाद कंपनी ने जरांदेश्वर चीनी मिल को 20.25 करोड़ रुपये दिए. इसके बाद मिल को गुरु कमोडिटी नामक एक फर्म ने नीलामी में 65.75 करोड़ रुपये में खरीद लिया, लेकिन इसे फिर से एक कंपनी को लीज पर दे दिया गया, जिसमें राजेंद्र घाडगे सहित अजीत पवार के रिश्तेदार निदेशक थे. गुरु कमोडिटी को इस कंपनी ने किराये के तौर पर 65.53 करोड़ रुपये दिए थे. ईओडब्ल्यू ने कहा कि उसे इन लेनदेन में कुछ भी अवैध नहीं मिला.**

## संपादकीय...



**फैसल शेख**
(प्रधान संपादक)

### चुनाव की फिरौती...

**हिमाचल में लोकसभा एवं छह उपचुनावों ने चंद चेहरों से फिरौती मांग ली है। सलवटें माथे पे आईं तो करवटें बदल गईं, महफिल को लूटने का मजा कुछ अजीब था। टिकटों के आबंटन में फंसी पार्टियों की उधेड़बुन अंततः विधायकों की जेब में सियासत तलाश रही है और इस बस्ती में शोर है- देखो-देखो वह शेर आ गया। शेर होते तो मंचों पर दहाड़ नहीं रहे होते, लेकिन बनते-बिगड़ते समीकरणों में दूरबीन खोज रही है। चुनाव को दूरबीन से देखने वाले नेताओं की बाढ़ में कुछ चेहरे पहचान में आ रहे हैं और कुछ सियासी घटनाक्रम में महान हो रहे हैं। मंडी में कंगना के स्वागत में कांग्रेस का अंगना पैरवी कर गया कि इस इलाके में उनका शेर विक्रमादित्य सिंह है। शेर ढूंढने निकली कांग्रेस के पास विधायकों के सिवाय और हो भी कौन सकता, वरना आठ-दस गैर विधायकों को मिले कैबिनेट रैंक चुनाव की जमीन पर खड़े होते। यहां तर्क-वितर्क में फंसी सियासत को अगर बागी विधायकों को भाजपा की उम्मीदवारी पर रंज है, तो कांग्रेस के वर्तमान विधायकों को लोकसभा चुनाव में उतारने का भी यही प्रपंच है। जाहिर है सत्तारूढ़ होकर पार्टियां अपने ही नेताओं का शिकार करते-करते ऐसी स्थिति में पहुंच गई हैं कि कहीं फिल्मी कलाकार को राजनीतिक पर्दे पर उतारा जा रहा है, तो कहीं अपनी ही सत्ता की परिक्रमा में मजा आ रहा है। चुनाव भारी है, इसलिए फिरौती में कांग्रेस के कुछ विधायक मांग लिए। चुनाव आभारी है, इसलिए भाजपा की फिरौती में कांग्रेस के बागी छह जगह उतार दिए, वरना पार्टी के पास संगठनात्मक ताकत तो सब पर भारी है। बहरहाल जिस सर्कस से होकर कांग्रेस के टिकट गुजर रहे हैं, वहां हल्का-हल्का मनोरंजन व पार्टी के दांतों पर एक ही तरह का मंजन भी हो रहा है।**

**अब जबकि मैदान के दूसरे छोर पर विपक्ष की सेना तैनात है, कांग्रेस अपनी ताकत की पोथी से सर्वेक्षण निकालकर देख रही है कि किसे सेनापति बनाया जाए। पहले ही चुनावी फिरौती ने कांग्रेस की सत्ता से मंडी में उम्मीदवार छीन लिया और अब सर्वेक्षण के जरिए यह पुख्ता हो रहा है कि हमीरपुर से उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री और कांगड़ा संसदीय क्षेत्र से आरएस बाली जैसा कोई नहीं। यकीनन सर्वे इन दोनों नेताओं की कद काठी पर कांग्रेस के अरमान चढ़ाना चाहता है, लेकिन जिन्हें बिना चुनाव लड़े बड़े-बड़े पद व सरकार के ओहदे मिले, उनकी उपयोगिता अब आड़े आ रही है। सत्ता के पदों का आबंटन खुशफहमी दे सकता है, लेकिन किसी नेता का उदय जनता के अखाड़ों पर मिट्टी से सन कर ही होता है।**

editor@rokthoklekhaninews.com
+91 99877 75650
Faisal Shaikh @faisalrokthok

ROKTHOK LEKHANI NEWS
KHABREIN BE ROKTOK
Watch Us On YouTube
LIKE SHARE COMMENT SUBSCRIBE
youtube@rokthoklekhani

# गोवंडी महायुति उम्मीदवार मिहिर कोटेचा को सभी जन समुदाये का मिला समर्थन

## मिहिर कोटेचा का मुस्लिम समुदाय के लोगों ने जगह जगह किया जंगी स्वागत



**मुंबई ( फिरोज सिद्दीकी )** कल यहाँ महायुति के संयुक्त उम्मीदवार मिहिर कोटेचा को स्थानीय जनता का भारी जन समर्थन प्रचार सभा मे भारी भीड़ के तौर पर देखने मिल रहा है ।गौरतलब हो की प्रचार रैली मे मिहिर कोटेचा विकास को आगे बढ़ाने पर जोर दे रहे है ।पूर्व बीजेपी सांसद मनोज कोटक के द्वारा किये विकास कार्यो को आगे बढ़ाते हुए मानखुर्द शिवाजी नगर का बड़े पैमाने पर विकास किया जायेगा ।कोटेचा ने प्रसार मध्यमो से बातचीत करते हुए बीजेपी किसी विशेष धर्म समुदाय के विरुद्ध नहीं है ।देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नारा सबका साथ सबका विकास !

दूसरी ओर आज देश की एक अरब चालीस करोड़ जनता को प्रधानमंत्री मोदी की बड़ी संख्या मे सरकारी योजनाओ का सीधा लाभ मिल रहा है, उसमे लाभार्थी किसी भी धर्म विशेष का हो बस भारतीय नागरिक होना चाहिया ।देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी के नेतृत मे बहुत ही कम समय मे भारत देश विश्व गुरु बन गया है । वहीं रही बात मानखुर्द शिवाजीनगर विधानसभा की तो समस्या मुक्त कर विकास की गंगा बहाने का कार्य करूँगा! उल्लेखनीय चाहे वो देवनर डंपिंग हो या फिर एस एम एस कंपनी के जहरीले प्रदुषण से निर्वाचन क्षेत्र के नागरिको की आयु सीमा बढ़ने की बजाये घटने की समस्या से इलाके को ग्रीन जोन मे तब्दिल करूँगा ।मिहिर कोटेचा ने अपने भाषण मे जात पर न पात पर मोहर लगेगी विकास कार्यो के कामो पर ।देश का विकास देखना चाहते हो तो यह आपको तय करना होगा हो रहे इस लोकसभा चुनावों मे प्रधानमंत्री कैसा हो ।विश्वा के महाशक्ति संपन्न देशों के लाईन मे लाकर भारत को खड़े करने वाला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी या फिर कोई और ....?

## जबरन वसूली विरोधी दस्ते की बड़ी कार्रवाई... 4 गावथी पिस्तौल समेत 18 जिंदा कारतूस किया जब्त

**ठाणे :** जबरन वसूली निरोधक दस्ते, विशेष कार्रवाई बल, अपराध शाखा और यूनिट पांच द्वारा दो स्थानों पर एक संयुक्त अभियान में, 22 कारतूस और एक मैगजीन के साथ चार ग्रामीण पिस्तौल जब्त किए गए। लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन तैयार है और पुलिस टीमें सराय में अपराधियों की तलाश में जुट गयी हैं. इसी क्रम में एंटी एक्सटॉर्शन स्क्वायड और स्पेशल एक्शन फोर्स को सूचना मिली कि शंभू महतो इसाम गावथी कट्टे की बिक्री के लिए साकेत रोड, राबोडी आ रहा है. इस जानकारी के आधार पर, जबरन वसूली विरोधी दस्ते ने गुरुवार (18) को साकेत रोड, रबोडी में जाल बिछाते हुए शंभू सुरेश महतो (उम्र 35) को चार पिस्तौल, दो ग्रामीण चाकू, एक मैगजीन और 18 जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। जब आरोपी को ठाणे कोर्ट में पेश किया गया तो कोर्ट ने आरोपी को 25 अप्रैल तक पुलिस हिरासत में भेज दिया. वहीं दूसरी कार्रवाई क्राइम ब्रांच की यूनिट पांच की टीम वागले एस्टेट रोड नं. 12 शेर बहादुर नव बहादुर कार्की, निवासी। बेचने के लिए लाए गए दो ग्रामीण पिस्तौल और चार कारतूस के साथ गिरफ्तार।



## महायुति उम्मीदवार राहुल शेवाले को मनसे का समर्थन...



**मुंबई ( फिरोज सिद्दीकी )** महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना अध्यक्ष राज ठाकरे के आदेशानुसार दक्षिण मध्य मुंबई लोकसभा महायुती के उमेदवार राहुल शेवाळे को घाटला मे प्रचारा के दौरान भारी पैमाने मे चेंबूर विधानसभा की ओर से चेंबूर विधानसभा प्रमुख माऊली थोर्वे के सभी पदाधिकारी कार्यकर्ता बड़ी संख्या मे राहुल शेवाले को भारी बहुमत से जिताने मे लगे है। प्रसार मध्यमो के अनुसार निर्वाचन क्षेत्र की जनता राहुल शेवाले के कार्यकाल मे हुए दस वर्ष मे चेंबूर के विकास को देखते हुए वोट करेगी और दिल्ली की लोकसभा मे भेजेगी । उपरोक्त अवसर पर बीजेपी पूर्व नगरसेविका आशा मराठे मनसे चेंबूर विधानसभा प्रमुख माऊली थोर्वे के साथ उम्मीदवार राहुल शेवाले के साथ दिखाई दिये।

## तीन साल से नहीं आए कोर्ट, पुलिस ने दोनों को किया कैद!



**नेरुल :** हत्या के अपराध में कोर्ट से जमानत मिलने के बाद पिछले तीन साल से कोर्ट में पेश नहीं होने वाले दो आरोपियों को नेरुल पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. इन दोनों के नाम हामिद मोहम्मद शेख (25) और रोहित सुभाष सिंह (25) हैं और पुलिस ने इन्हें कोर्ट में पेश किया है. कोर्ट ने उनकी जमानत अर्जी खारिज कर दी और उन्हें तलोजा जेल भेज दिया. इस मामले के आरोपी हामिद मोहम्मद शेख और रोहित सुभाष सिंह नाम के इन अपराधियों ने 2019 में अपने एक दोस्त की हत्या कर दी थी. उसने दूसरे को गंभीर रूप से घायल कर जान से मारने की कोशिश की. उस वक्त नेरुल पुलिस ने हत्या और हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर हामिद शेख और रोहित सिंह दोनों को गिरफ्तार कर लिया था.

उस समय आरोपी कोर्ट से जमानत लेकर बाहर आ गया। हालांकि, इसके बाद वह पिछले तीन साल से मामले की सुनवाई के लिए बेलापुर की सेशन कोर्ट में पेश नहीं हुए. इसलिए बेलापुर सेशन कोर्ट ने दोनों के खिलाफ गैर जमानती गिरफ्तारी वारंट जारी किया था. तदनुसार, नेरुल पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक तानाजी भगत के मार्गदर्शन में कांस्टेबल विजय कंगने, भानुदास ठाकुर और राशिद पटवेकर की एक टीम ने करावेगांव से हामिद शेख और नेरुल दारवे इलाके से रोहित सिंह को गिरफ्तार किया।



# सीएम शिंदे का निर्देश... फिर भी रुका मुंबई में खार सब-वे फ्लाईओवर का काम!



**मुंबई :** खार सबवे में जलजमाव एवं ट्रैफिक की समस्या से निजात दिलाने के लिए प्रस्तावित ऐलिवेटेड रोड का काम फि लहाल बीएमसी ने होल्ड पर रख दिया है। बीएमसी के एक अधिकारी ने बताया कि खार ईस्ट में रेलवे लाइन और सांताक्रुज के बीच डिफेंस की जमीन पर ब्रिज बनना है। डिफेंस से यह जमीन बीएमसी को अब तक नहीं मिल पाई है, इसलिए बीएमसी ने फ्लाईओवर का काम होल्ड पर रख दिया है। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने नवंबर, 2023 में स्थानीय लोगों को ट्रैफिक और जलजमाव की समस्या से मुक्ति दिलाने के लिए खार सबवे पर फ्लाईओवर बनाने का आदेश बीएमसी को दिया था। जिसके बाद बीएमसी ने एक किमी लंबे इस फ्लाईओवर के लिए 2400 करोड़ रुपये का टेंडर जारी किया है, इस ब्रिज को चार आर्म में विभाजित करने की योजना है। जो आगे वेस्टर्न एक्सप्रेस हाइवे, एक सांताक्रुज स्टेशन की तरफ और एक बांद्रा टर्मिनस की तरफ जाएगा। अब फ्लाईओवर की डिजाइन में चेंज होगा या जमीन मिलेगी, उसके बाद टेंडर की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी।

**क्यों मुसीबत बन गई है खार सबवे की समस्या?**

खार सबवे को बारिश के दिनों में जलजमाव और आम दिनों में ट्रैफिक जाम के लिए जाना जाता है। यह समस्या वर्षों से बीएमसी का पीछा नहीं छोड़ रही है। अब बीएमसी ने दोनों समस्याओं के समाधान के लिए खार सबवे के ऊपर से ऐलिवेटेड रोड बनाने का निर्णय लिया है, तो उसके सामने लोगों के विरोध के साथ कई और अड़चनें भी आ रही हैं। बीएमसी अधिकारी का कहना है कि यह बहुउद्देशीय प्रॉजेक्ट है, जिससे सिर्फ खार सबवे ही नहीं, बल्कि आसपास के कई इलाकों को राहत मिलेगी।

## फ्लाईओवर का हो रहा विरोध...

खार सबवे पर प्रस्तावित एलिवेटेड रोड का स्थानीय लोगों के साथ कांग्रेस व अन्य लोग भी विरोध करते हुए इसे फि जूलखर्ची बता रहे हैं। कांग्रेस नेता रवि राजा का आरोप है कि इस प्रॉजेक्ट की वजह से 140 इमारतें प्रभावित हो रही हैं। इनमें रहने वाले हजारों लोग इसका विरोध कर रहे हैं। बीएमसी को लोगों की बातें सुननी चाहिए। वहीं स्थानीय लोगों ने मंत्री छगन भुजबल, बीएमसी कमिश्नर भूषण गगरानी, असिस्टेंट कमिश्नर को पत्र लिखकर विरोध जताया है। सोशल ऐक्टिविस्ट जोरू भथेना ने कहा कि जंक्शन, रोड, सिग्नल और ड्रेन सिस्टम ठीक कर इस समस्या का समाधान किया जा सकता है। 2400 करोड़ रुपये खर्च कर बीएमसी लोगों के लिए समस्या खड़ी कर रही है। बीएमसी की नजर में जल जमाव-ट्रैफिक की समस्या का निजात फ्लाईओवर ही है, जबकि महज 2 करोड़ रुपये खर्च कर समस्या का समाधान संभव है। स्थानीय लोगों के अनुसार इस फ्लाईओवर की वजह से कई गार्डन, कई पेड़ काटे जाएंगे। इसके आसपास करीब 3 स्कूल हैं, जिनके बच्चे भी प्रभावित होंगे। वाहनों की आवाजाही के चलते लोगों को ध्वनि प्रदूषण भी झेलना पड़ेगा।

## बीएमसी की यह है योजना

बीएमसी ब्रिज डिपार्टमेंट के एक अधिकारी ने बताया कि फ्लाईओवर के जरिए खार ईस्ट और वेस्ट को जोड़ा जाएगा। यह ब्रिज एसवी रोड और वेस्टर्न एक्सप्रेस हाइवे को जोड़ेगा। इससे गाड़ियों की आवाजाही सबवे से काफी कम हो जाएगी। बारिश के दिनों में खार सबवे की स्थिति काफी खराब हो जाती है। जलजमाव के कारण गाड़ियों की आवाजाही बार-बार रोकी जाती है, इससे सड़क पर भारी ट्रैफिक जाम का सामना लोगों को करना पड़ता है। इस ब्रिज के बनने से खार के साथ सांताक्रुज, बांद्रा, एसवी रोड और वेस्टर्न एक्सप्रेस-वे पर ट्रैफिक की समस्या काफी हद तक दूर हो जाएगी।

सीएम के आदेश के बाद इसके काम में तेजी आई थी, लेकिन फि लहाल इस पर काफी काम करना बाकी है।

# दुर्घटना के बाद टैंकर की लापरवाही पर अंकुश लगाने के लिए परिवहन विभाग द्वारा टैंकर निरीक्षण अभियान

**वसई :** टैंकर चालकों की लापरवाही और असावधानी के कारण वसई विरार में 20 दिनों में तीन लोगों की मौत हो चुकी है। इस हादसे के बाद विरार ट्रैफिक पुलिस ने एक बार फिर टैंकरों की लापरवाही पर लगाम कसने की मुहिम तेज कर दी है. पहले ही दिन 8 टैंकरों पर कार्रवाई की गई है।

वसई विरार शहर में टैंकर चालक यातायात नियमों का उल्लंघन कर वाहन चलाते हैं। इसलिए आए दिन टैंकरों के दुर्घटनाग्रस्त होने की घटनाएं सामने आ रही हैं। इससे पहले, ट्रैफिक पुलिस ने टैंकर चालकों और मालिकों के साथ बैठक की थी और दुर्घटनाओं को रोकने के लिए बार-बार चेतावनी जारी की थी। लेकिन कुछ दिनों तक ही नियमों का पालन किया गया. लेकिन उसके बाद फिर से नियमों को ताक पर रखकर टैंकर चालकों की लापरवाही जारी है. चूंकि इस समय गर्मी का मौसम है, इसलिए वसई विरार क्षेत्र में टैंकरों की मांग काफी बढ़ गई है। इसके चलते अनफिट, पुराने और पुराने टैंकर भी सड़क पर दौड़ने लगे हैं।



2 अप्रैल को, विरार के जकात नाका पर एक टैंकर ने दोपहिया वाहन पर यात्रा कर रहे एक जोड़े को कुचल दिया, जिससे महिला की मौके पर ही मौत हो गई। फिर 19 अप्रैल को विरार के ग्लोबल सिटी में एक घटना घटी, जहां एक टैंकर पलटने से दादी और पोते दोनों की मौत हो गई. बीस दिनों के अंदर टैंकर दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हो जाने के कारण इस स्थिति को रोकने के लिए ट्रैफिक पुलिस की ओर से टैंकर जांच अभियान शुरू किया जा रहा है. जिन क्षेत्रों में टैंकरों से जल परिवहन अधिक होता है, वहां टैंकरों को रोककर टैंकर के फिटनेस सर्टिफिकेट, लाइसेंसधारी ड्राइवर, बैच, क्लीनर, पानी लीकेज, रिफ्लेक्टर जैसे सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। विरार ट्रैफिक पुलिस ने पहले ही दिन 8 टैंकरों पर कार्रवाई की है. विरार ट्रैफिक पुलिस इंस्पेक्टर प्रशांत लांगी ने कहा है कि जनवरी से अब तक 105 टैंकरों पर करीब 1 लाख 35 हजार का जुर्माना लगाया गया है. इसके अलावा लांगी ने यह भी कहा है कि टैंकर चालकों और मालिकों की बैठक कर उन्हें भी निर्देश दिये जायेंगे.

टैंकर से पानी परिवहन करते समय टैंकर चालक के साथ एक क्लीनर अवश्य होना चाहिए। क्लीनर के कारण रिवर्स करते समय कोई आस-पास है या नहीं। इसके अलावा, व्यस्त मार्ग में प्रवेश करते समय चालक को यह जानने में मदद मिलती है कि टैंकर नजदीक है या नहीं। लेकिन वसई विरार में कई टैंकर चालक बिना क्लीनर के ही टैंकर चला रहे हैं। इसके चलते आए दिन हादसों की घटनाएं सामने आ रही हैं। अभी जो दोनों हादसे हुए हैं. पुलिस ने बताया कि पता चला कि उसके साथ कोई क्लीनर नहीं था.

# निवेश के नाम पर पैसे ऐंठने वाला आरोपी गिरफ्तार...




**धारावी :** धारावी पुलिस ने निवेश के नाम पर घोटाला करने वाले आरोपी रामअवतार रामधन मीना (26) को राजस्थान से गिरफ्तार किया है। वह फिलहाल पुलिस हिरासत में है. मार्च महीने में उसने सोशल मीडिया पर स्टॉक मार्केट ट्रेडिंग के बारे में एक विज्ञापन देखा। इसमें शेयरों में निवेश करने पर अच्छा रिटर्न देने का लालच दिखाया गया था. इसलिए उसने वहां संपर्क किया था. इस बार सामने वाले शख्स ने उन्हें एक कंपनी के जरिए शेयरों में निवेश करने की सलाह दी. उसने यह कहकर उसका विश्वास हासिल करने की कोशिश की कि उसे अच्छा लाइसेंस मिलेगा। उसके झांसे में आकर उसने क्यूआर कोड स्कैन किया और एक लाख तेरह हजार रुपये भेज दिए। हालाँकि, उन्हें निवेश पर कोई रिटर्न नहीं मिला। इस तरह की धोखाधड़ी सामने आते ही उन्होंने धारावी पुलिस में शिकायत दर्ज कराई.

# बॉम्बे हाईकोर्ट ने कहा, बैंकों को लुक आउट सर्कुलर जारी करने का अधिकार नहीं...



**मुंबई :** बॉम्बे हाईकोर्ट ने मंगलवार को एक अहम फैसले में कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के पास किसी भी बकाएदार के खिलाफ लुक आउट सर्कुलर जारी करने का अधिकार नहीं है। विराज शाह बनाम भारत संघ एवं अन्य के मामले की सुनवाई करते हुए जस्टिस जीएस पटेल और जस्टिस माधव जामदार की खंडपीठ ने कहा कि केंद्र सरकार के कार्यालय ज्ञापन (डट) के तहत सार्वजनिक बैंकों को भारतीय नागरिकों या विदेशियों के खिलाफ लुक आउट सर्कुलर (छडउ) जारी करने की शक्ति नहीं है। बार एंड बेंच की एक रिपोर्ट के मुताबिक, खंडपीठ ने ये फैसला सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों द्वारा कर्जदारों/ बकाएदारों को विदेश यात्रा से रोकने के लिए जारी लुक आउट सर्कुलर्स को चुनौती देने वाली कई याचिकाओं पर सुनाया है। हालांकि, मामले की सुनवाई करते हुए खंडपीठ ने स्पष्ट किया कि केंद्र सरकार के कार्यालय ज्ञापन संविधान के दायरे से बाहर नहीं हैं, लेकिन सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के प्रबंधकों को लुक आउट सर्कुलर जारी करने की शक्ति देने का अधिकार मनमाना है। इसके साथ ही हाई कोर्ट ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के अनुरोध पर जारी किए गए सभी लुक आउट सर्कुलर को रद्द कर दिया। हालांकि, खंडपीठ ने ये स्पष्ट किया कि दो जजों वाली बेंच द्वारा पारित आदेश किसी भी ट्रिब्यूनल या आपराधिक अदालत द्वारा जारी किए गए ऐसे किसी भी मौजूदा आदेश को प्रभावित नहीं करेगा, जो ऐसे व्यक्तियों को विदेश यात्रा से रोकता है।

# अस्पताल में पत्नी की अचानक हुई तबीयत खराब... गुस्साए पति ने डॉक्टर को काटा




**डोंबिवली:** डोंबिवली के एक अस्पताल में एक घटना घटी है जहां एक महिला मरीज के परिजनों ने एक डॉक्टर समेत तीन लोगों के साथ गाली-गलौज की, मारपीट की और दांत से काट लिया. घायलों का इलाज नगर पालिका के शास्त्रीनगर अस्पताल में कराया गया है. साथ ही घायलों की मेडिकल रिपोर्ट के मुताबिक शनिवार (20 तारीख) को मानपाड़ा पुलिस स्टेशन में महिला मरीज के पति राज सिंह और उसकी सास सुशीला सिंह के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है. पुलिस के मुताबिक, शुक्रवार (19 तारीख) को डोंबिवली के आरोग्यम हॉस्पिटल के डॉ. नितिन खोटे ड्यूटी पर थे. रात में ज्योति सिंह पेट में दर्द होने पर इलाज के लिए अस्पताल आई थीं.

इस बार उनके साथ थीं सुशीला सिंह. चिकित्सा अधिकारियों की सलाह से डॉ. खोटे ने ज्योति को अस्पताल में भर्ती होने की सलाह दी. इलाज के बाद ज्योति को घर जाने की सलाह दी गई. तभी ज्योति के पेट में फिर से दर्द होने लगा तो डॉ. खोटे का इलाज शुरू हुआ. इसी बीच ज्योति का पति राज अस्पताल आया और डॉक्टर से पूछताछ करने लगा.

राज गुस्सा हो गया क्योंकि डॉक्टर ने कहा कि सीटी स्कैन करो और उसके बाद हम उसके अनुसार इलाज करेंगे। इससे अस्पताल में अफरा-तफरी मच गयी. राज डॉ. खोटे का हाथ काट लिया. राज ने बचाव में आए डॉक्टरों और स्टाफ को भी काटकर घायल कर दिया। तो सुशीला ने एक कर्मचारी से अभद्रता कर दी। डॉ. राज और सुशीला ने अस्पताल के डॉक्टरों और कर्मचारियों की पिटाई कर दी। खोटे ने मानपाड़ा पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है और पुलिस मामले की आगे की जांच कर रही है।

# मुंबई की बिसात के दांव में फंसे दिग्गज... मिलिंद देवड़ा, वर्षा गायकवाड लड़ेंगे लोकसभा चुनाव!





**मुंबई:** लोकसभा सीटों पर मुंबई में उम्मीदवारों के चयन को लेकर जो गतिरोध बना हुआ था, वह अब टूट रहा है। दूसरे चरण के चुनाव के बाद मुंबई की सीटों के लिए महायुति और महा विकास आघाडी के उम्मीदवारों का ऐलान हो सकता है। सूत्रों के मुताबिक महायुति में दक्षिण मुंबई सीट के लिए मिलिंद देवड़ा का नाम लगभग फाइनल हो गया है। वह मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की पार्टी शिवसेना के चुनाव चिह्न पर दक्षिण मुंबई से महायुति के उम्मीदवार होंगे! दक्षिण मुंबई में मुकाबला शिवसेना बनाम शिवसेना होगा, क्योंकि इस सीट पर शिवसेना उद्धव ठाकरे गुट ने मौजूदा सांसद अरविंद सावंत को पहले ही चुनाव मैदान में उतार दिया है। इसी तरह महा विकास आघाडी में से मुंबई कांग्रेस अध्यक्ष वर्षा गायकवाड का भी लोकसभा चुनाव लड़ना लगभग फाइनल हो गया है। वर्षा गायकवाड दक्षिण-मध्य मुंबई की जगह उत्तर-मध्य मुंबई से कांग्रेस की उम्मीदवार हो सकती हैं।

हालांकि उत्तर मध्य मुंबई की सीट पर अब तक महायुति में बीजेपी ने भी अपना उम्मीदवार घोषित नहीं किया है। इस सीट से मौजूदा सांसद पूनम महाजन हैं, लेकिन बीजेपी से उन्हें दोबारा टिकट मिलेगा या नहीं, तय नहीं है। इस सीट पर प्रसिद्ध वकील उज्ज्वल निकम के नाम की चर्चा भी है।

**निरुपम का हो रहा विरोध**

मनसे की महासचिव शालिनी ठाकरे ने ट्वीट कर साफ किया कि संजय निरुपम और रविंद्र वायकर जैसे आयातित उम्मीदवारों का कार्यकर्ता समर्थन नहीं करेंगे। हमने समर्थन नरेंद्र मोदी को सक्षम नेतृत्व को दिया है। इसके तुरंत बाद ही निरुपम ने ट्वीट कर ससुराल महाराष्ट्र में होने का हवाला देते हुए समर्थन मांगा। इससे पहले, मनसे को धनुष-बाण के चुनाव चिह्न पर उम्मीदवार उतारने का सुझाव दिया गया था, जिसे पार्टी ने अमान्य कर दिया था। उत्तर-पश्चिम सीट पर लंबे समय से शिवसेना (शिंदे) योग्य उम्मीदवार का इंतजाम करने में लगी है, लेकिन मनसे के विरोध के बाद इस मामले में पेंच फंस गया है। एकनाथ शिंदे हर हाल में उन सीटों पर चुनाव लड़ना चाह रहे हैं, जहां पिछले चुनाव में शिवसेना के उम्मीदवार जीते थे, लेकिन इसमें उन्हें कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है।

**सूनी पड़ी है उत्तर-मध्य सीट**

मुंबई की उत्तर-मध्य सीट भी सूनी पड़ी है। इस सीट के लिए दोनों प्रमुख गठबंधन की ओर से अब तक उम्मीदवार का ऐलान नहीं हुआ है। कांग्रेस की ओर से वर्षा गायकवाड, भाई जगपात और नसीम खान के नामों की चर्चा है। सूत्रों के मुताबिक, उद्धव सेना की इस सीट में बड़ी भूमिका है। वर्षा गायकवाड के नाम पर यहां सहमति बन सकती है। हालांकि, कांग्रेस के एक महासचिव सुरेश शेट्टी के लिए अपना जोर लगा रहे हैं। वहीं, बीजेपी ने भी इस सीट पर पत्ते नहीं खोले हैं। कई दौर की बैठकों के बाद भी पूनम महाजन का टिकट फाइनल नहीं हुआ है।

# परिवहन विभाग में हुए घोटाले की जांच के लिए जांच कमेटी का किया गया गठन




**मुंबई:** यह खुलासा हुआ है कि अंधेरी आरटीओ में फर्जी दस्तावेजों की मदद से 100 से अधिक वाहनों का दोबारा पंजीकरण किया गया है और इस घोटाले की जांच के लिए परिवहन आयुक्त कार्यालय ने नासिक आरटीओ अधिकारी प्रदीप शिंदे के नेतृत्व में एक जांच समिति का गठन किया है। राज्य में बैंकों द्वारा नीलाम किए गए कबाड़ हो चुके वाहनों को जाली दस्तावेजों के आधार पर विदेशों में खरीदा और पंजीकृत किया जा रहा था। उसके बाद, इन वाहनों को राज्य में वापस लाया गया और फिर से पंजीकृत किया गया। यह देखा गया कि 100 से अधिक ऐसे वाहनों को अंधेरी आरटीओ में फिर से पंजीकृत किया गया था। इसे परिवहन विभाग में बड़ा घोटाला माना जा रहा है. परिवहन आयुक्त कार्यालय ने घोटाले की गहन जांच करने के लिए नासिक आरटीओ अधिकारी प्रदीप शिंदे के नेतृत्व में एक जांच समिति का गठन किया है।

यह खुलासा हुआ कि अंधेरी आरटीओ में विदेश से नो-मूवमेंट सर्टिफिकेट (एनओसी) के साथ जाली दस्तावेजों के आधार पर 125 वाहनों का पंजीकरण किया गया था। साथ ही, इनमें से अधिकांश वाहनों के मूल दस्तावेज गायब हैं और यह भी पाया गया कि वे वाहन पंजीकरण के लिए उपयोग की जाने वाली कम्प्यूटरीकृत प्रणाली 'वाहन' पर उपलब्ध नहीं हैं। इसी तरह की एक घटना इससे पहले वाशी, वसई आरटीओ में हुई थी। आरटीओ के सूत्रों ने बताया कि यह गड़बड़ी पूरे महाराष्ट्र में हो रही है। इसलिए मामले की जांच के लिए छह सदस्यीय कमेटी बनाई जाएगी।

# स्कूलों के समय में बदलाव के कारण बस चालक आक्रामक, अभिभावकों पर भी पड़ा आर्थिक बोझ



**मुंबई:** प्री-प्राइमरी से चौथी तक के स्कूल सुबह 9 बजे के बाद शुरू करने के सरकार के फैसले का स्कूल बस चालकों ने कड़ा विरोध किया है. बस चालकों ने सवाल उठाया है कि शहर में सुबह 8 से 9 बजे के बीच लगने वाले जाम से बचने के लिए छात्रों को समय पर स्कूल कैसे पहुंचाया जाए। साथ ही सुबह के दो सत्र प्री-प्राइमरी से चौथे और पांचवें से दसवें सत्र के लिए मैनपावर की संख्या के साथ-साथ बसों की संख्या भी बढ़ानी होगी। इसके चलते बस चालकों ने यह राय व्यक्त की है कि बस चालकों के साथ-साथ अभिभावकों को भी आर्थिक बोझ उठाना पड़ेगा।

मुंबई में अधिकांश सुबह के सत्र के स्कूल सुबह 7 बजे से 7.30 बजे के बीच खुलते हैं। उसी के अनुरूप सभी बसों और बसों में महिला सहायिकाओं व अन्य सहायकों की व्यवस्था की गई होगी। लेकिन अब सरकार ने आदेश दिया है कि प्री-प्राइमरी से चौथी तक के स्कूल सुबह 9 बजे के बाद लगेंगे। मुंबई के नागरिक सुबह 8 से 9 बजे के बीच काम पर जाते हैं. इसलिए शहर की विभिन्न सड़कों पर भारी मात्रा में ट्रैफिक रहता है. कुछ जगहों पर ट्रैफिक जाम है. ऐसे में बस चालक सोच रहे हैं कि प्री-प्राइमरी से लेकर चौथी कक्षा तक के विद्यार्थियों को स्कूल तक ले जाने वाली बसों को सुबह 9 बजे के जाम से कैसे निकाला जाए। स्कूल बस चालक इस फैसले में सकारात्मक बदलाव की मांग कर रहे हैं. प्री-प्राइमरी से लेकर चौथी कक्षा तक के स्कूलों को सुबह 9 बजे के बाद शुरू करने के फैसले को लेकर शिक्षा विभाग और संबंधित मंत्रियों को पत्र दिया गया है.

उन्होंने पूछा कि इस फैसले के चलते समय की योजना कैसे बनाई जाए. प्रिंसिपल से भी बातचीत की। लेकिन कोई सकारात्मक जवाब नहीं मिला. अभी स्कूलों में छुट्टियां चल रही हैं, लेकिन जब जून से स्कूल शुरू होंगे तो सवाल यह है कि समय की योजना कैसे बनाई जाए और बसों की व्यवस्था कैसे की जाए। दो सत्रों में बसों का प्रबंधन कैसे किया जाए, इस पर विचार करना जरूरी है। परिणामस्वरूप बसों की अधिक मांग होगी। अगर इसका समाधान नहीं हुआ तो बसों का किराया 30 फीसदी तक बढ़ाना पड़ेगा।

# वसई में मनपा की सौर ऊर्जा सब्सिडी योजना सिर्फ कागजों पर...



**वसई :** सौर ऊर्जा का उपयोग करने वाले नागरिकों को संपत्ति कर में छूट और सब्सिडी देने की मनपा की घोषणा महज एक दस्तावेज बनकर रह गई है। इस योजना के शुरू होने के 6 साल बाद भी अभी तक किसी को भी इस योजना के तहत सब्सिडी नहीं दी गई है। 2017 में, वसई विरार शहर नगर निगम ने पर्यावरण की रक्षा के लिए गैर-पारंपरिक ऊर्जा का उपयोग करने के लिए नागरिकों के लिए एक प्रोत्साहन योजना लागू करके कर रियायतों और सब्सिडी की घोषणा की थी। ऐसा ही एक प्रस्ताव महासभा में भी पारित किया गया. इस योजना को अधिक से अधिक नागरिकों तक पहुंचाने के लिए वर्ष 2017-18 से संपत्ति कर रसीद के पीछे छूट योजना की जानकारी प्रकाशित की जा रही है। हालाँकि, नगर पालिका उन नागरिकों को ऐसी सब्सिडी देने में अनिच्छुक है जो वास्तव में सौर ऊर्जा का उपयोग करते हैं।

नायगांव में रहने वाले वरिष्ठ नागरिक दिलीप राउत सौर ऊर्जा परियोजना के लिए सब्सिडी या कर छूट पाने के लिए पिछले 6 वर्षों से वसई विरार नगर निगम में पैरवी कर रहे हैं। 2018 में, राउत ने नायगांव में अपने घर पर एक सौर ऊर्जा परियोजना शुरू की। फिर नगर पालिका में अनुदान के लिए आवेदन किया। लेकिन तरह-तरह के कारण बताकर सब्सिडी देने में आनाकानी कर रहे हैं। जियो टैंगिक लाओ, हमारी टेबल पर कोई फाइल नहीं, उन अधिकारियों से मिलो जैसे

**6 साल से एक भी सब्सिडी नहीं**

कारण बताए गए। कोरोना काल के दो साल बीत गए. इस बीच, वसई विरार नगर निगम में अनिल कुमार पवार की नियुक्ति के बाद, राउत ने फिर से अपनी खोज शुरू कर दी। लेकिन पिछले दो वर्षों से यह मामला फिर से सर्वे टैक्स विभाग, बिजली विभाग, विधि विभाग, लेखाकार (लेखापरीक्षा) विभाग के रूप में प्रसारित हो गया है। इस बीच, इन अनुदानों को देने का अधिकार मंडल उपायुक्त को सौंपा गया और तदनुसार एक आधिकारिक पत्र जारी किया गया। हालाँकि, उन्होंने वार्ड 'आई' को एक पत्र भेजकर निर्णय लेने से परहेज किया। नगर आयुक्त कोई ठोस रुख नहीं अपनाते. विभिन्न विभागों के उपायुक्त भी पिछले छह वर्षों से टोल वसूल रहे हैं.

# पीएम मोदी के लिए अपशब्द बोलने वाले को घर नहीं लौटने दिया जाएगा - नारायण राणे



**मुंबई :** विपक्षी नेताओं की एक रैली से पहले केंद्रीय मंत्री नारायण राणे ने चेतावनी दी है कि अगर कोई प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ अपशब्दों वाली भाषा का इस्तेमाल करेगा तो घर नहीं लौट पाएगा। तटीय महाराष्ट्र की रत्नागिरि-सिंधुदुर्ग लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार राणे सोमवार को सिंधुदुर्ग जिले में एक रैली को संबोधित कर रहे थे। शिवसेना में रह चुके राणे ने कहा कि शिवसेना (यूबीटी) अध्यक्ष उद्धव ठाकरे और उनकी पार्टी के सांसद संजय राउत मोदी की आलोचना करते हैं लेकिन यह नहीं जानते कि वे क्या कह रहे हैं। उन्होंने कहा, ''मुझे पता चला है कि विपक्षी दल जल्द ही सिंधुदुर्ग में एक रैली को संबोधित करेंगे। यह लोकतंत्र का हिस्सा है, इसलिए उनका यहां स्वागत है। लेकिन यदि कोई हमारे नेता, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ अपशब्दों वाली भाषा का इस्तेमाल करता है तो हम उस व्यक्ति को यहां से लौटने नहीं देंगे।' 'उद्धव ठाकरे से अनबन के बाद 2005 में शिवसेना छोड़ने वाले राणे ने दावा किया कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री पद के लिए उद्धव कभी भी अपने पिता बाल ठाकरे की पसंद नहीं थे। कुछ महीनों के लिए महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री रहे राणे ने कहा, ''अगर बालासाहेब की पसंद उद्धव होते तो वह 1999 में मेरी जगह अपने बेटे को ही मुख्यमंत्री बनाते।''

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। मोबाइल नं 998777 5650, Email-editor@rokthoklekhaninews.com